दिनांक : 09 जनवरी 2018

भीम आर्मी के सैनिकों के लिए

प्रिय धम्म बन्धुओं,

दिल्ली के अनुसूचित जाति/जनजाति वर्ग के कम से कम दो हजार ऐसे नौजवान युवक/युवतियों की जो अपने भविष्य को स्वयं बनाना चाहते हों, और स्वरोजगार योजना के अन्तर्गत भारी धनोपार्जन करना चाहते हों, हमारी योजना है कि सन् 2018 में ही 2000 युवक एवं युवतियों को स्वरोजगार योजना के अन्तर्गत रोजगार उपलब्ध करा दिया जाये। याद रहे आर्थिक क्षेत्र में उस नौजवान युवक एवं युवती को ही आगे बढ़ाया जा सकता है जिसमें स्वयं भी ऊपर उठने एवं आगे बढ़ने की इच्छाशक्ति हो – हम ऐसे नौजवानों की हर सम्भव मदद करेंगे। आप शनिवार, दिनांक 27 जनवरी, 2018 तथा रविवार, दिनांक 28 जनवरी, 2018 सुबह 11:00 बजे डॉ. अम्बेडकर भवन, झण्डेवालान, रानी झांसी रोड़, नयी दिल्ली, जरूर पहुंचें। अभी यह स्वरोजगार की सूचना केवल दिल्ली के नौजवान युवक एवं युवतियों के लिए है। अन्य प्रदेशों के लिए भी भीम आर्मी के सभी युवकों एवं युवतियों के लिए स्वरोजगार के अवसर दिलाये जायेंगे। हमारी भरसक कोशिश है कि भीम आर्मी का कोई भी सक्रिय सैनिक बेरोजगार नहीं रहने दिया जाये। जिस जिले में भी कम से कम एक हजार सक्रिय सदस्य बन जायेंगे और केडर मींटिंग ले ली जायेगी, तदानुसार सूचना मिलते ही भीम आर्मी के पदाधिकारी भीम सैनिकों को प्रत्येक जिले में केडर देने पहुंचेंगे तथा स्वरोजगार का केडर ही नहीं देंगे बल्कि सक्रिय सैनिकों को तुरन्त स्वरोजगार उपलब्ध कराने हेतु कार्य योजना को क्रियान्वित कराने का मूल मंत्र भी देंगे। भीम आर्मी का पहला लक्ष्य स्वरोजगार उपलब्ध करवाने का है। सन् 2018 में समस्त भारत में कम से कम 2 लाख बेरोजगार नौजवान युवक एवं युवतियों को स्वरोजगार योजना की ट्रेनिंग/कोचिंग दिलवाकर निपुणता हासिल कराकरके सरकारी तन्त्र से स्वरोजगार योजना के अन्तर्गत रोजगार उपलब्ध कराया जायेगा। विस्तार से बाते केडर कैम्प में ही हो सकेगी। जिन–जिन जिलों में भीम आर्मी का गठन हो चुका है और एक हजार सक्रिय सैनिक बन चुके हैं वह सभी साथी जिले स्तर का गठन करके ई–मेल से सूचित करें। याद रहे भीम आर्मी के संस्थापक श्री चन्द्रशेखर आजाद जी पर साजिस के तहत रासुका लगा दी गयी है। जैसे ही जेल से रिहा होंगें आपके बीच पहुंचेंगे। भीम आर्मी का मुख्य संरक्षक होने के नाते मैं आपको विश्वास दिलाता हूँ कि आर्थिक क्षेत्र में मजबूती के लिए स्वरोजगार योजना के अलावा भीम आर्मी के सैनिकों के आर्थिक विकास का अन्य कोई आसान विकल्प हो ही नहीं सकता। लगन सच्ची हो तो कोई राह मुश्किल नहीं होती। यह सूचना देश के प्रत्येक जिले में, प्रत्येक बेरोजगार नौजवानों तक पहुंचना जरूरी है। भीम आर्मी के सक्रिय सैनिकों पर देश के दलितों के मान–सम्मान को बचाये रखने की जिम्मेदारी भी है। इसीलिए आपको हर समय सतर्क रहना जरूरी है। ई–मेल तथा वेबसाइड (scstparishad.org) देखते रहना है।

Bhagwan

जय भगवान जाटव
मुख्य संरक्षक – भीम आर्मी
बी.2 एक्स्टें./2, गली नम्बर 7,
कृष्णानगर, सफदरजंग इन्क्लेव,
नई दिल्ली 110029

फो. 011.26192066
मो. 9810634677
व्हा. 9810634655
Email : indiarsp@gmail.com
Website : scstparishad.org